manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 026 jan_manish 02-02-2026 12:34 Page 1


# पिलखा भूमि

ईमेल:-manishvaidy538@gmail.com
PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305

वर्ष 02 अंक 16 सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक फरवरी 2026 पृष्ठ 8 मूल्य 5 संपादक - मनीष वैद्य


## भाजपा प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार भाजपा शिवनंदनपुर मंडल में विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजिविका मिशन ग्रामीण का मंडल स्तरीय कार्यशाला ग्राम पंचायत कुंजनगर में संपन्न हुआ

पिलखा भूमि सूरजपुर

29 जनवरी 2026 विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजिविका मिशन ग्रामीण का मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शिवनंदनपुर मंडल की ग्राम पंचायत कुंजनगर में किया गया , कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री सम्माननीय लक्ष्मी राजवाड़े , शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष हरिश राजवाड़े विशिष्ट अतिथि देवधन राम बिंझिया जिला उपाध्यक्ष, रहे। कार्यक्रम की शुरूवात सर्वप्रथम मां भारती की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत फूल माला एवं बूके भेंट कर किया गया, स्वागत भाषण हरिश राजवाड़े ने किया, तत्पश्चात कार्यशाला को देवधन राम बिंझिया ने संबोधित किया एवं आज 111 टठ ळ त।ड ळ 111 विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजिविका मिशन ग्रामीण के मुख्य वक्ता माननीय कैबिनेट



मंत्री महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विस्तार से बताया और कहा कि हमारे यह योजना हमारे समाज ग्राम के लिए मील का पत्थर है जिसके तहत भ्रष्टाचार को लगाम लगाया जा सकता है,कैबिनेट मंत्री माननीय लक्ष्मी राजवाड़े ,मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े,भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिनझिया,भागवत प्रजापति,संदीप सरकार,सचिन तायल ,मनजीत भामरा,मनी बग्गा,देवशरण सिंह मंडल महामंत्री, श्यामू साहू, गणेश कुमार,अनुराग,विनोद,फूलबसिया, पुनम देवी, नंदकुमारी, अनिता सिंह, चन्द देव तिकी अंकित दुबे उपस्थित रहे , कार्यक्रम में मंच संचालन मंडल महामंत्री देवशरण सिंह एवं आभार व्यक्त मंडल उपाध्यक्ष संदीप सरकार ने किया।

## आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से ही साकार होंगे सपने . मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

**▶▶कपिध्वज करियर गाइड. ेस कार्यक्रम से हजारों विद्यार्थियों को मिली नई दिशा**

**▶▶सोच ऊंची होगी तो उड़ान भी ऊंची होगी — नितिन विजय (एन वी सर)**



पिलखा भूमि सूरजपुर

31 जनवरी 2026 छत्तीसगढ़ के युवाओं को आत्मनिर्भर, लक्ष्यनिष्ठ और सशक्त बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में एक और उल्लेखनीय पहल सामने आई है। महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर सूरजपुर जिले के भटगांव स्थित स्टेडियम ग्राउंड में कपिध्वज करियर गाइडेंस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 6 से 8 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपने भविष्य को दिशा देने का अवसर प्राप्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आज का युवा ही देश और समाज के भविष्य का निर्माणकर्ता है। युवाओं के कंधों पर राष्ट्र निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे निभाने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियाँ व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं और सही निर्णय, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने शिक्षा को सफलता की सबसे मजबूत नींव बताते हुए विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने मूल्यों, जीवनशैली और दीर्घकालिक उद्देश्यों को ध्यान में रखकर करियर का चयन करें और ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रमों का पूरा लाभ उठाएं।

इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित करियर मार्गदर्शक एवं कोटा (राजस्थान) स्थित मोशन कोचिंग सेंटर के संस्थापक एवं सीईओ नितिन विजय (एन वी सर) ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर चयन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण और लक्ष्य आधारित अध्ययन पर प्रभावशाली मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि "सोच ऊंची रखो, उड़ान भी ऊंची होगी।" कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करता है।

नितिन विजय ने कहा कि "सफलता दो बार प्राप्त होती है पहले मन में और फिर वास्तविक जीवन में," इसलिए विद्यार्थियों को मानसिक और व्यवहारिक दोनों स्तरों पर स्वयं को सफलता के लिए तैयार करना चाहिए। उन्होंने करियर चयन से पहले अपनी रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व को समझने, गलतियों से सीखने और आत्मचिंतन को जीवन में आगे बढ़ने का मूलमंत्र बताया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, राम कृपाल साहू, परमेश्वरी राजवाड़े, रजनी त्रिपाठी, भीमसेन अगrवाल, राजेश महलवाला, ठाकुर राजवाड़े, नूतन विश्वास, अनुज राजवाड़े, अशोक राजवाड़े, रेखा राजवाड़े, रमेश गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।साथ ही जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र पाटले, एसडीएम चाँदनी कंवर, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल एवं अन्य अधिकारीगण, बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा और क्षेत्रवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने बाल विवाह उन्मूलन और नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ शपथ लेकर सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया।

## बॉयफ्रेंड ने दिया धोखा, दोस्तों संग मिलकर प्रेमिका की गला दबाकर हत्या





पिलखा भूमि .किशोर बाला

प्रेम संबंध में शादी का दबाव एक युवती के लिए जानलेवा साबित हुआ। पखांजूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेकापसी की 22 वर्षीय युवती संगीता उसेण्डी की उसके ही प्रेमी ने दोस्तों के साथ मिलकर निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने इस अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत नाबालिग को बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

कंकाल मिलने से खुला राज

दिनांक 22 जनवरी 2026 को ग्राम सरपंच बेकापसी द्वारा थाना पखांजूर में सूचना दी गई कि ग्राम बेकापसी स्थित रनोबाई उसेण्डी के खेत के पास झाड़ियों में एक अज्ञात मानव कंकाल पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की।जांच में प्रेम प्रसंग के एंगल से कड़ी जुड़ गया और मृतिका का प्रेमी ही हत्यारा निकला।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा बजट 2026-27 सरकार की एक मजबूत एवं अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था के निर्माण के संकल्प को और सुदृढ़ करता है- रक्षा मंत्री

पिलखा भूमि . नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय बजट 2026–27 में रक्षा क्षेत्र को 7.85 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के बाद यह बजट देश की एक मजबूत और फुलप्रूफ सुरक्षा प्रणाली बनाने के सरकार के संकल्प को और मजबूत बनाता है। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने बल देकर कहा कि बजट सुरक्षा–विकास–आत्मनिर्भरता संतुलन में वृद्धि करता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा बलों को पूंजी मद के अंतर्गत 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं और इसमें से 1.85 लाख करोड़ रुपये पूंजी अधिग्रहण के लिए निर्धारित किए गए, जो वित्त वर्ष 2025–26 के पूंजी अधिग्रहण बजट से लगभग 24 प्रतिशत अधिक है। इससे भारत की सैन्य क्षमताओं में और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण इस बजट का एक महत्वपूर्ण भाग है।

पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण और उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के लिए 12,100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजटीय अनुमान से 45.49 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने इसे पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सरकार के संकल्प का प्रमाण बताया।

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया ष्उत्कृष्टष् बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुय कहा, श्बजट जनता की भावनाओं और उम्मीदों पर खरा उतरता है। यह समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए पर्याप्त प्रावधानों के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री




**पूंजी अधिग्रहण बजट में वृद्धि से सैन्य क्षमताओं में और वृद्धि होगी**

**ईसीएचएस आवंटन में वृद्धि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के सरकार के संकल्प का प्रमाण है**

**बजट सुरक्षा-विकास-आत्मनिर्भरता संतुलन और प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के —ष्टिकोण को मजबूत करता है**

के संकल्प के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, एक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा लगातार गति पकड़ रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ष्युवा शक्ति संचालित बजटष् बजट ष्आकांक्षा को उपलब्धि में बदलनेष् और ष्क्षमता को प्रदर्शन में बदलनेष् का प्रयास करता है। उन्होंने यह भी अंकित किया कि तीन श्कर्तव्योंश से प्रेरित होकर, इस बजट का उद्देश्य आर्थिक विकास में तेजी लाना और उसे बनाए रखना, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और सभी के लिए सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, ष्साथ में, ये प्राथमिकताएं समावेशी विकास को बढ़ावा देंगी, विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देंगी और बुनियादी ढांचे को मजबूती देंगी । यह बजट यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि विकास का लाभांश गरीबों, वंचितों और वंचितों पर विशेष ध्यान देने के साथ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

## पखांजूर मे बजट पर प्रतिक्रिया (विधायक, विपक्षी नेता, आम नागरिक)



पिलखा भूमि .किशोर बाला

देश का आम बजट आज संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया। बजट पेश होने के बाद पखांजूर में विभिन्न पक्षो से इस पर प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

बजट को लेकर अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने मीडिया से बातचीत करते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी।

वहीं दूसरी ओर शिवसेना पखांजूर की ओर से इस बजट पर असहमति जताई गई है। शिवसेना का कहना है कि बजट में कई अहम मुद्दों को पर्याप्त जगह नहीं दी गई, जिसके चलते यह जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता।

बजट को लेकर आम जनता की राय भी सामने आई है। पखांजूर के एक स्थानीय नागरिक ने बजट को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

कुल मिलाकर आम बजट पर पखांजूर में अलग–अलग पक्षों और वर्गों ने अपनी–अपनी राय रखी है। अब आने वाला वक्त ही बताएगा कि यह बजट जमीन पर कितना असर दिखाता है।

## 03 साल से अलग रह रहे पति पत्नी के रिश्तो मे परिवार परामर्श केंद्र ने डाली जान, सारे गीले शिकवे किये दूर, आपसी सहमति से दोनों साथ रहने हुए राजी



पिलखा भूमि.सरगुजा

रेनु गुप्ता साकिन सीतापुर जिला सरगुजा की शादी दिनांक 25–11–22 को राहुल गुप्ता निवासी ग्राम झलमला बालोद जिला बालोद के साथ बालोद में सामाजिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुई थी। आवेदिका का पति राहुल गुप्ता वर्तमान में तहसीलदार के पद पर जगदलपुर में पदस्थ हैं। शादी के बाद आवेदिका अपने पति के साथ व ससुराल में लगभग 50 दिन ही रही थी कि पति पत्नी के बीच आपसी पारिवारिक संबंध खराब हो गये इसके बाद दिनांक 14–01–23 से रेनु गुप्ता अपने मायके सीतापुर में रह रही है। आपसी संबंध खराब होने से राहुल गुप्ता अपने पत्नी रेनु गुप्ता को साथ रखने से पूर्णतः इंकार कर दिया था किन्तु रेनु गुप्ता अपने पति के साथ रहना चाहती थी इसलिए कुटुम्ब न्यायालय अम्बिकापुर में पारिवारिक दाम्पत्य हेतु प्रकरण दर्ज कराई जो प्रकरण न्यायालय से खारिज हो गया अन्ततः आवेदिका रेनु गुप्ता अपने पति राहुल गुप्ता एवं पति के अन्य रिश्तेदार के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कराने हेतु दिनांक 01–10–25 को महिला थाना अम्बिकापुर में शिकायत पत्र प्रस्तुत की थी, वरिष्ठ अधिकारियो के दिशा निर्देशन मे महिला थाना अंतर्गत पुलिस परिवार परामर्श केंद्र मे विवाद की स्थिति मे आए जोड़ो के मध्य कॉउंसलिंग कराकर विवादों का स्थाई समाधान करने के दिशा निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम मे महिला थाना अम्बिकापुर में शिकायत प्राप्त होने पर गंभीरता से लेते हुये आवेदिका रेनु गुप्ता एवं अनावेदक तहसीलदार राहुल गुप्ता एवं दोनों पक्षों के परिजनों की उपस्थिति में महिला थाना में काउंसलिंग कर दोनों पक्षों को समझाईस देकर उनके बीच पारिवारिक संबंध पुनःस्थापित करने का बहुत प्रयास किया गया किन्तु प्रथम काउंसलिंग में ही अनावेदक राहुल गुप्ता पत्नी रेनु गुप्ता को स्पष्ट रूप से नहीं रखने की बात बोलकर साथ ले जाने से इंकार कर दिया जो दोनों के रिश्ते लगभग समाप्त हाने की स्थिति में था लेकिन महिला थाना प्रभारी सुनीता भारद्वाज एवं काउंसलिंग टीम के द्वारा लगातार प्रयास करते हुये पुनः दिनांक 31–01–26 को दोनों पक्षों को थाना उपस्थित कर काउंसलिंग किया और अनावेदक पक्ष को समझाईस दिया गया तब अनावेदक राहुल गुप्ता अपनी पत्नी को साथ रखने हेतु सहमत होने पर दोनों पक्षों में आपसी समझौता कराया गया। पढे लिखे शिक्षित परिवार के पति पत्नी के आपसी रिश्ते जो लगभग पूर्णतः टूट चुका था महिला थाना में कांउसलिंग के फलस्वरूप पति पत्नी के रिश्ते को जोडकर दिनांक 31–01–26 को ही आवेदिका रेनु गुप्ता एवं उसके पति राहुल गुप्ता को एक साथ रहने हेतु परिवार जनों के समक्ष जगदलपुर रवाना किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही मे महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज, कॉउंसलर मीरा शुक्ला, प्रधान आरक्षक संतोष गुप्ता सक्रिय रहे।

manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 026 jan_manish 02-02-2026 12:34 Page 2



## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की बड़ी पहल . सूरजपुर में राज्य स्तरीय करियर मार्गदर्शन मेला





**'फिजिक्स गुरु' नितिन विजय देंगे छात्रों को सफलता का मंत्र**

पिलखा भूमि सूरजपुर

28 जनवरी 2026 छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार के विजन "सुरक्षित और सफल भविष्य" को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर सूरजपुर जिले में राज्य स्तरीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 31 जनवरी ,शनिवार को भटगांव ग्राउंड में 'कपिध्वजदृ करियर गाइडेंस कार्यक्रम 2026' का भव्य आयोजन होगा, जिसमें 6000 से अधिक विद्यार्थी भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर के करियर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर चयन और लक्ष्य निर्धारण के लिए समय पर सही दिशा देना है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश का हर छात्र सही मार्गदर्शन पाकर अपने सपनों को साकार कर सके।

**राष्ट्रीय स्तर के करियर गुरु से होगा संवाद**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद, 'फिजिक्स गुरु' एवं मोशन एजुकेशन (कोटा) के संस्थापक श्री नितिन विजय (एन वी सर) विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के सूत्र, करियर प्लानिंग और आत्मविश्वास निर्माण पर अपने अनुभव साझा करेंगे।

'व्यापक सहभागिता, अंतिम चरण में तैयारियाँ'

इस राज्य स्तरीय आयोजन में सूरजपुर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के स्कूल एवं कॉले. जों के विद्यार्थी शामिल होंगे। जिला प्रशासन एवं कपिध्वज टीम द्वारा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और प्रेरक बनाने हेतु तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन न केवल सूरजपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा और प्रदेश को शैक्षणिक सशक्तिकरण की नई दिशा प्रदान करेगा।

## जंगल क्षेत्र में हाथी के बच्चे की हुई मौत



पोस्टमार्टम के बाद होगी मृत्यु कारणों की पुष्टि

पिलखा भूमि रायगढ़

28 जनवरी 2026 रायगढ़ जिले के विकासखण्ड घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम कया अंतर्गत जंगल क्षेत्र में एक हाथी के बच्चे (शावक) की मृत्यु का मामला सामने आया है। 27 जनवरी की सायंकाल स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई कि वन क्षेत्र में एक हाथी का बच्चा मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वन अमला तत्काल मौके के लिए रवाना हुआ, किंतु रात्रि का समय, दुर्गम स्थल तथा मृत हाथी के दल के अन्य हाथियों की आसपास मौजूदगी के कारण उसी समय घटना स्थल तक पहुँचना संभव नहीं हो सका।

डीएफओ रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया 28 जनवरी को प्रातःकाल वन अमला आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 1310 स्थित घटना स्थल पर पहुँचा और मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मृत हाथी सावक नर है, जिसकी आयु एक वर्ष से कम प्रतीत होती है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि अत्यधिक ढलान वाले क्षेत्र में गिरने के दौरान वह दो बड़ी चट्टानों के बीच की दरार में फंस गया, जिससे उसे गंभीर आंतरिक चोटें एवं आंतरिक रक्तस्राव हुआ और संभवतः इसी कारण उसकी मृत्यु हुई।

वन विभाग द्वारा बताया गया कि वर्तमान में घटना स्थल के आसपास अभी भी हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जिस कारण क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और निरंतर निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। मृत हाथी शावक का विधिवत पोस्टमार्टम (पीएम) कराए जाने की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृत्यु के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे हाथियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल वन अमले को दें।

## धर्मान्तरण के मामले मे आरोपिया गिरफ्तार।

पिलखा भूमि अम्बिकापुर



**▶▶ प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मामले मे की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही।**

**▶▶ संवेदनशील मामलो मे सरगुजा पुलिस द्वारा की जा रही लगातार सख्त कार्यवाही।**

प्रार्थी रोशन तिवारी साकिन मठपारा थाना अम्बिकापुर द्वारा थाना गांधीनगर मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25–01–26 को ओमेगा टोप्पों के द्वारा अपने घर पर अत्यधिक लोगों को ईक्टठा कर हिन्दू धर्म के विषय में आ. पत्तिजनक टिका टिप्पणी कर ईसाई धर्म में लोगों को धर्मांतरित करने के संबंध में प्रोत्साहित किया जा रहा था, मामले मे प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 46–26 धारा 270, 299 बी. एन. एस. एवं छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्रय अधिनियम की धारा 5 (क) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले मे जांच विवेचना कर प्रकरण की आरोपिया आ. `मेगा टोप्पों पिता स्व. सामुएल टोप्पो उम्र 66 वर्ष साकिन नमनाकला थाना गांधीनगर के विरुद्ध धारा सदर का अपराध घटित करने का सबुत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, उप निरीक्षक दिलीप दुबे, सहायक उप निरीक्षक सुभाष ठाकुर, महिला प्रधान आरक्षक मंजू भगत, महिला आरक्षक प्रिया रानी आरक्षक अतुल शर्मा, कुंदन पाण्डेय सक्रिय रहे।

## तेज आवाज में डीजे बजाने पर रामानुजगंज पुलिस द्वारा कोलाहल अधिनियम की धारा 15 के तहत डीजे साउंड सिस्टम जप्त कर संचालक पर किया गया वैधानिक कार्यवाही।

पिलखा भूमि.समृद्ध मंडल



रामानुजगंज नगर में बिना किसी वैध अनुमति के अत्यंत तेज आवाज में अमानक ध्वनि विस्तारक यंत्र (डीजे) बजाते हुए जुलूस ले जाया जा रहा था, जिस पर रामानुजगंज पुलिस के द्वारा डीजे साउंड सिस्टम को जप्त कर डीजे संचालक किरण मंडल पिता कार्तिक मंडल निवासी ग्राम आरगाही थाना रामानुजगंज पर छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम की धारा 15 के तहत कार्यवाही किया गया है, साथ ही पुलिस के द्वारा लोगों से अपील किया गया है कि फरवरी मार्च में स्कूल–कॉलेज की परीक्षा का समय है अतः किसी भी कार्यक्रम में ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले अमानक स्तर के ध्वनि विस्तारक यंत्र अथवा डीजे साउंड का उपयोग न करे।

## महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री श्री अजित पवार के आकस्मिक निधन पर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने जताया गहरा शोक

पिलखा भूमि सीतापुर



28 जनवरी 2026 महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री अजित पवार सहित अन्य लोगों के आकस्मिक निधन पर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने इस घटना को अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक बताया।

रामकुमार टोप्पो ने कहा कि श्री अजित पवार जी का सम्पूर्ण जीवन कृषक कल्याण, जनस. `वा और देश के विकास के लिए समर्पित रहा। उनका असमय देहावसान न केवल उनके परि. जनों और समर्थकों के लिए, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रभु श्री राम से प्रार्थना कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## राजिम कुंभ (कल्प) 2026 पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को दिया आमंत्रण

**▶▶1 से 15 फरवरी तक संगम नगरी राजिम बनेगी आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र आइए, आस्था की डुबकी**

**▶▶लगाइए, संस्कृति से जुड़िए और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कीजिए।**

पिलखा भूमि.रायपुर

31 जनवरी 2026 छत्तीसगढ़ की पावन धरती एक बार फिर आस्था और अध्यात्म के महासंगम का साक्षी बनने जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृ ति मंत्री राजेश अग्रवाल ने प्रद. `शवासियों सहित देशभर के श्रद्धालुओं को राजिम कुंभ (कल्प) में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। उन्होने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की पहचान, परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अपने परिवार के साथ राजिम पहुँचकर इस दिव्य महापर्व के साक्षी बनें।

यह दिव्य एवं भव्य आयोजन 1 फरवरी से 15 फरवरी (माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि) तक आयोजित हा. `गा। महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के पवित्र त्रिवेणी संगम पर स्थित राजिम, छत्तीसगढ़ का प्रमुख धार्मिक तीर्थ स्थल है, जिसे "छत्तीसगढ़ का प्रयाग" भी कहा जाता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यहाँ संतों, महात्माओं, नागा सन्यासियों और लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होगा।

**"आस्था, संस्कृति और समरसता का संगम"**



राजिम कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और परंपरा का जीवंत उत्सव है। श्रद्धालु यहाँ संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं, संतों के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तथा आध्यात्मिक प्रवचनों से जीवन को नई दिशा देते हैं। राजिम का त्रिवेणी संगम प्राचीन काल से साधना और तपस्थली रहा है। यहाँ स्थित राजीव लोचन मंदिर और अन्य प्राचीन मंदिर इस क्षेत्र की आध्यात्मिक विरासत को दर्शाते हैं। मान्यता है कि संगम में स्नान करने से पापों का नाश होता है और जीवन में सुख–शांति की प्राप्ति होती है। राजिम कुंभ (कल्प) का भव्य समापन 15 फरवरी, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर होगा।

इस बार आयोजन का मुख्य संदेश भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं को जन–जन से जोड़ते हुए सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देना है। राजिम कुंभ के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृ तिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे है।

## शासन की संवेदनशीलता का परिणामरू कृत्रिम पैर पाकर फिर चला आत्मविश्वास





**समाज कल्याण की पहल से दिव्यांग अर्जुन लाल साहू को मिली नई राह**

पिलखा भूमि. धमतरी

01 फ़रवरी 2026 समाज कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाएँ आज जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इसका सशक्त उदाहरण कुरुद तहसील के ग्राम बकली निवासी 60 प्रतिशत अस्थि बाधित अर्जुन लाल साहू (पिता लखन लाल साहू) की जीवन यात्रा है, जिन्हें राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केंद्र, माना कैंप रायपुर द्वारा निशुल्क आधुनिक कृत्रिम पैर प्रदान किया गया।

श्री साहू लंबे समय से शारीरिक अक्षमता के कारण चलने–फिरने में कठिनाई का सामना कर रहे थे। इससे न केवल उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था, बल्कि आ. जीविका और सामाजिक सहभागिता में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में जब उनका पंजीयन राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केंद्र में कराया गया, तो विशेषज्ञ चिकित्सकों और तकनी. शियनों द्वारा उनका समुचित परीक्षण किया गया। अत्याधुनिक तकनीक से उनके पैर का सटीक माप लेकर, उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम पैर का निर्माण किया गया।

कृत्रिम पैर प्राप्त करने के बाद साहू के जीवन में नई उम्मीद की किरण जगी है। अब वे बिना सहारे चल पाने में सक्षम हो रहे हैं और आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने शासन–प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायक उपकरण उनके लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि सम्मान और स्वावल. `बन की पुनर्प्राप्ति है।

माना कैंप रायपुर स्थित राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केंद्र 1111 (चैलेपबंस त्मेमितंस त्म. ींइपसपजंजपवद ब्मदजमत) 1111 राज्य के दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। यहां कृत्रिम अंग निर्माण, फिजियोथेरेपी, परामर्श एवं पुनर्वास जैसी सुविधाएँ निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं। केंद्र का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

अर्जुन लाल साहू की यह कहानी शासन की संवेदनशीलता, योजनाओं की प्रभावशीलता और प्रशासनिक समन्वय की सफलता को दर्शाती है। यह न केवल अन्य दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा है, बल्कि समाज के लिए भी संदेश है कि सही सहयोग और संसाधनों से हर व्यक्ति आत्मसम्मान के साथ जीवन जी सकता है।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आधिकारिक शुभंकर -मोरवीर सूरजपुर पहुँची मशाल यात्रा, कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पिलखा भूमि. सूरजपुर




02 फरवरी 2026 भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) द्वारा जनजातीय युवाओं एवं खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं से जोड़ने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की मेजबानी में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन 14 फरवरी से किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित आयोजन का आधिकारिक शुभंकर "मोरवीर" रखा गया है, जो जनजातीय संस्कृति, साहस और खेल भावना का प्रतीक है।

इसी क्रम में आज खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मशाल यात्रा सूरजपुर जिले में पहुँची, जहाँ कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले ने हरी झंडी दिखाकर मशाल रैली का शुभारंभ किया। इसके पश्चात मशाल यात्रा को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रचार–प्रसार एवं जनजागरूकता हेतु रवाना किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स न केवल जनजातीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि, अनुशासन और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देगा। मशाल यात्रा के माध्यम से आमजन, विशेषकर युवाओं और खिलाड़ियों को इस आयोजन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान खेल विभाग के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




पिलखा भूमि

राजधानी समाचार

सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र



## रात्रि गश्त कर रहे अधिकारी व जवानों को कलेक्टर व डीआईजी-एसएसपी सूरजपुर ने किया चेक।



पिलखा भूमि.सूरजपुर

शनिवार 31 जनवरी 2026 के रात्रि में कलेक्टर एस.जयवर्धन व डीआईजी–एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना विश्रामपुर एवं चौकी लटोरी क्षेत्र में अचानक रात्रि गश्त कर अधिकारी व जवानों को चेक किया।

डीआईजी–एसएसपी सूरजपुर ने अधिकारी व जवानों को निर्देश दिए कि ड्यूटी में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जवानों को सतर्कता बरतते हुए रात्रि गश्त करने तथा पुलिस कार्यों के प्रति उनकी सक्रियता का अवलोकन किया और रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। गश्त कर रहे अधिकारी व जवानों को कहा कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, शिकायत या सूचना पर तत्काल त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए अपराध एवं दुघर्टनाओं की रोकथाम के लिए सक्रिय रहना सुनिश्चित करें। उन्होंने गश्त में तैनात जवानों का उत्साहवर्धन भी किया और कहा कि रात्रि में सक्रिय पुलिसिंग से ही अपराध पर अंकुश एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। सभी को अपनी–अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी एवं निष्ठा से निभाने के लिए प्रोत्साहित किया और जवानों की गुजारिशें भी पूछी।

## डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा के दिशा निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा 54 स्थाई वारंट एवं 17 गिरफ्तारी वारंट कुल 71 वारंटी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल।

पिलखा भूमि.सरगुजा

डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के दिशा निर्देशन मे जिले के समस्त थाना–चौकी प्रभारियों कों माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट के आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने एवं आरोपियों को जेल भेजनें हेतु 24 घंटे का विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था, आदेश के परिपालन मे पुलिस टीम द्वारा वारंटियों पर नकेल कसते हुए धरपकड़ की गई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों, नगर पुलिस अधीक्षक राहुल बंसल (भा.पु.से.), अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर राजेंद्र मंडावी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ग्रामीण तूल सिंह पट्टावी के नेतृत्व मे जिला मुख्यालय एवं प्रत्येक थाना चौकी स्तर पर थाना–चौकी प्रभारियो द्वारा पुलिस टीम के साथ सुबह सुबह वारंटियों के सकुनत पर औचक दस्तक दी गई,अभियान के दौरान सरगुजा जिले के समस्त थाना–चौकी से कुल 54 स्थाई वारंट एवं 17 गिरफ्तारी वारंट के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, सरगुजा पुलिस द्वारा अभियान के दौरान



ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए कुल 71 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं।

अभियान के दौरान थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 19 स्थाई वारंट एवं 02 गिरफ्तारी वारंट, थाना गांधीनगर द्वारा 13 स्थाई वारंट, थाना मणीपुर द्वारा 04 स्थाई वारंट एवं 05 गिरफ्तारी वारंट, थाना उदयपुर द्वारा 03 स्थाई वारंट एवं 02 गिरफ्तारी वारंट, थाना लखनपुर द्वारा 02 स्थाई वारंट, थाना कमलेश्वरपुर द्वारा 01 स्थाई वारंट एवं 03 गिरफ्तारी वारंट, थाना लुन्ड्रा द्वारा 03 गिरफ्तारी वारंट, थाना बतौली द्वारा 04 स्थाई वारंट, थाना धौरपुर द्वारा 02 स्थाई वारंट, थाना सीतापुर द्वारा 01 स्थाई वारंट एवं 04 गिरफ्तारी वारंट, थाना दरिमा द्वारा 02 स्थाई वारंट एवं 01 गिरफ्तारी वारंट के वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजनें की कार्यवाही की गई है, अभियान के दौरान सर्वधिक वारंटियों को थाना कोतवाली एवं थाना गांधीनगर द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

थाना कमलेश्वरपुर अंतर्गत मानव तस्करी के प्रकरण मे माननीय न्यायालय द्वारा 18 वर्ष पूर्व के मामले मे आरोपी राजेश एक्का साकिन जुनगानी खारापारा पत्थलगांव का स्थाई वारंट जारी किया गया था, जिसे पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही कर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है,

जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश मे यातायात नियमो की अवहेलना पर वर्ष 2015 मे वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज होने पर एवं मामले मे अग्रिम कार्यवाही पश्चात माननीय न्यायालय जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश द्वारा आरोपी दिनेश प्रताप सिंह का स्थाई वारंट जारी किया गया था, उक्त स्थाई वारंट तमिली हेतु थाना गांधीनगर को प्राप्त हुआ था, उक्त क्रम मे आरोपी वाहन चालक दिनेश प्रताप सिंह साकिन गांधीनगर को थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया है, एवं वारंटी को माननीय न्यायालय जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश मे पेश किया जाता है, सरगुजा पुलिस द्वारा वारंटियों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

वारंट तामिली की कार्यवाही मे समस्त थाना चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रहे।

## सरिया बिक्री की रकम से खरीदे गए ट्रक सहित 2 अन्य ट्रक कीमत 1 करोड़ 50 लाख रूपये का जप्त।

पिलखा भूमि.सूरजपुर

दिनांक 14.01.2026 को ग्राम नयनपुर निवासी अमित पाण्डेय ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके यू.बी. वेंचर्स प्राईवेट लिमिटेड प्लाट नयनपुर से ट्रक क्रमांक यूपी 61 एटी 2832 के चालक राहुल सिंह यादव में 30 टन 160 किलो सरिया (छड) लोड कर भदौरी उत्तरप्रदेश के लिए निकला था जो बेईमानीपूर्वक अमानत में खयानत कर उक्त सरिया कीमत 15 लाख 23 हजार 908 रूपये का गायब कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 23–2026 धारा 316(3) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने प्रकरण में आरोपी की गंभीरतापूर्वक पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन व एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर पुलिस आरोपी की पतासाजी करने के दौरान उत्तरप्रदेश के जिला चित्रकूट भरतकूप थाना क्षेत्र से ट्रक क्रमांक 61 एटी 2832 को बरामद किया गया।

आरोपी चालक के द्वारा वाहन स्वामी को दिया गया आधार कार्ड व ड्रायविंग लाईसेंस की जानकारी की तस्दीक कराई गई जिसमें दोनों फर्जी कूटरचित पाया गया। विवेचना में आरोपी राहुल सिंह यादव के संबंध में छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के कई जिलों के टोल प्लाजा व स्थानों से सीसीटीव्ही फुटेज व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लगातार पतासाजी करने पर प्राप्त इनपुट के आधार बरगवां जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश में दबिश देकर पकड़ा गया। पतासाजी दौरान आरोपी राहुल का असली नाम मनीष यादव पिता रामलखन यादव उर्फ अरूण सिंह वर्तमान पता डागा बरंगवा जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश व स्थाई निवासी ग्राम पोडी थाना मझौली जिला सीधी मध्यप्रदेश का होना





पाये जाने से हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया।

पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि अपने साथी सूरज सोनी व अन्य के साथ मिलकर लोड सरिया को सतना ले जाकर मनीष सिंह परिहार को 12 लाख रूपये में ब्रिकी किया है, प्राप्त रकम से सेकेण्ड हेंड ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 9288 एवं मोबाईल खरीदना बताया जिसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी सूरज सोनी पिता स्व. केदारलाल उम्र 35 वर्ष निवासी कोलगंवा, रघुराजनगर जिला सतना एवं मनीष सिंह परिहार पिता दिनेश प्रताप उम्र 37 वर्ष निवासी बदखर थाना कोलगंवा जिला सतना मध्यप्रदेश को दबिश देकर पकड़ा। आरोपी सूरज ने बताया कि प्राप्त पैसा से अपने ट्रक क्रमांक सीजी 22 एजी 7678 का किस्त जमा किया है वहीं आरोपी मनीष सिंह परिहार ने बताया कि मनीष यादव व सूरज से 12 लाख रूपये में सरिया को खरीद कर उपयोग कर लेना स्वीकार किया।

आरोपी मनीष यादव के निशानदेही पर उसका मूल ड्राईविंग लायसेंस, पेन, आधार कार्ड, ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 9288 कीमत 40 लाख रूपये, कूटरचित (फर्जी) ड्राईविंग लायसेंस, आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित छायाप्रति, ट्रक खरीदने वाहन विक्रयनामा पत्रक, 1 नग मोबाईल कीमत 25 हजार रूपये, आरोपी सूरज सोनी से मूल ड्राईविंग लायसेंस, पेन–आधार कार्ड, ट्रक क्रमांक सीजी 22 एजी 7678 कीमत 65 लाख, घटना में प्रयुक्त 1 मोबाईल कीमत 22 हजार एवं आरोपी मनीष सिंह से घटना में प्रयुक्त 1 नग मोबाईल कीमत 25 हजार रूपये का जप्त कर मामले में पृथक से बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2), 317(2), 317(5), 61(2)(ए), 238, 3(5) जोड़ी जाकर तीनों आरोपियों को दिनांक 01.02.2026 को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई एस.आर. भगत, एएसआई देवनाथ चौधरी, आरक्षक जितेन्द्र पटेल, इमरान खान, जयप्रकाश सिंह, चन्द्रप्रकाश साहू, कामेश्वर टोप्पो, सफेन्दर सिंह सक्रिय रहे।

## वीबी जी राम जी के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शंकरगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम

पिलखा भूमि.समृद्ध मंडल

बलरामपुर, 29 जनवरी 2026 विकासखंड शंकरगढ़ में वीबी जी राम जी एक्ट 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनप्रतिनिधियों को इसके प्रावधानों से अवगत कराने के उद्देश्य से जागरूकता सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत शंकरगढ़ के सभाकक्ष में किया गया।

कार्यक्रम में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच, उपसरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को वीबी जी राम जी एक्ट 2025 से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यशाला के दौरान उद्देश्यों, इसके अंतर्गत मिलने वाले लाभ, प्रक्रिया एवं जमीनी स्तर पर इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।






मुख्य अतिथि विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने अपने संबोधन में कहा कि वीबी जी राम जी शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसके अंतर्गत नए प्रावधानों के माध्यम से लाभ पहुँचाना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे सही जानकारी स्वयं भी समझें और अपने–अपने पंचायत क्षेत्रों में आमजन को जागरूक करें, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, अनुविभागीय अधिकारी अनमोल टोप्पो, जनपद सीईओ वेद प्रकाश पाडेय, सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। जागरूकता कार्यक्रम में वीबी जी राम जी के प्रक्रिया एवं क्रियान्वयन से संबंधित बिंदुओं विस्तृत जानकारी पर जानकारी दी गई तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

गौरतलब है कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में वीबी जी राम जी के प्रचार–प्रसार के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य पंचायत स्तर सही जानकारी पहुँचाना तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

## एनएच-43 के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का ड्रोन से संयुक्त निरीक्षण, सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क

पिलखा भूमि.जशपुर

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह (आई.पी.एस.) के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–43 में अति दुर्घटना जन्य एवं ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का विशेष संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में जिला प्रशासन, परिवहन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग (PWD) की टीम भी शामिल रही। निरीक्षण के दौरान लोरो बगीचा, एवं पतराटोली सहित अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों का ड्रोन कैमरा के माध्यम से सूक्ष्म सर्वेक्षण कर सड़क की बनावट, खतरनाक मोड़ों, दृश्यता, यातायात दबाव एवं दुर्घटनाओं के कारणों का तकनीकी विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर संबंधित विभागों को त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

गम्हरिया तिराहा में झाड़ी की सफाई, रम्बलर स्ट्रिप, भारी वाहन प्रवेश निषेध बोर्ड शिफ्टिंग, रोड मार्किंग एवं आयरलैंड–डिवाइडर का पुनर्स्थापन।

बाला छापर तिराहा में गुमटी हटाना, पेड़ों पर रेडियम पट्टी, सहायक मार्ग में रम्बलर स्ट्रिप, अवैध होल्डिंग हटाना एवं ट्रांसफार्मर शिफ्ट करना।लोरो घाट क्षेत्र में गैप बंद करना, दीवारों पर पेंट व सुरक्षा स्लोगन, कैट्स आई–ड्रम–स्प्रिंग पोस्ट बदलना, खतरनाक मोड़ व एक्सीडेंट ज़ोन संकेतक बोर्ड, झाड़ियों की सफाई, मोड़ों की क्रम संख्या अंकन, क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत, हाई मास्क लाइट की ऊंचाई बढ़ाना एवं रोड मार्किंग सुदृढ़ करना।ब्लैक स्पॉट लोरो बगीचा में प्रकाश व्यवस्था, सड़क किनारे पार्किंग व्यवस्था, भारी वाहनों हेतु अलग पार्किंग, रम्बलर स्ट्रिप व चेतावनी बोर्ड, लोहे के स्टॉपर लगाने तथा नियम उल्लंघन पर ढाबा संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश के निर्देश दिए गए।

पूर्व चिन्हित ब्लैक स्पॉट पतराटोली में बसों को निर्धारित स्टॉप पर ही रोकना, रम्बलर स्ट्रिप लगाना, ऑटो पार्किंग सुव्यवस्थित करना, कबाड़ वाहन हटाना एवं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने बताया कि इन सुधारात्मक उपायों के क्रियान्वयन से दुर्घटनाओं की संभावनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा यातायात अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनेगा।

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि ब्लैक स्पॉट की समय पर पहचान और तकनीकी सुधार सड़क सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से हेलमेट सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर राकेश कुमार पाटनवार, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीएम कुनकुरी, एसडीओ लोक निर्माण विभाग, जिला परिवहन अधिकारी विजय निकुंज, थाना प्रभारी जशपुर निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी दुलदुला उप निरीक्षक सुनील सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


इस संयुक्त पहल से एनएच–43 को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

## 28.19 करोड़ की लागत से होगा सिलफिली-अंबिकापुर मार्ग का मजबूतीकरण केन्द्रीय सड़ क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मंजूर की राशि

पिलखा भूमि.अंबिकापुर

02 फरवरी 2026 केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सूरजपुर जिले के सिलफिली से अंबिकापुर मार्ग के मजबूतीकरण के लिए 28 करोड़ 19 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

इस राशि से राष्ट्रीय राजमार्ग–43 के इस सड़क खंड के 363 किमी से लेकर 373.5 किमी में साढ़े दस किमी की लंबाई का पेव्ड शोल्डर **(Paved Shoulder)** सहित मजबूतीकरण किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा राज्य शासन के प्रस्ताव के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2025–26 की वार्षिक कार्ययोजना के तहत इस सड़क खंड के मजबूतीकरण के लिए राशि स्वीकृत की गई है।



manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 026 jan_manish 02-02-2026 12:34 Page 4



# आधारभूत सुविधा मिलने से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सकारात्मक वातावरण में कार्य करने की मिलेगी प्रेरणा . मुख्यमंत्री साय

**मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के 255 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का किया वर्चुअली लोकार्पण**

**पुलिस विभाग को 08 नए साइबर थानों समेत पुलिस आवासीय भवनों और नवीन थाना भवनों की मिली सौगात**



साइबर पुलिस थाना जिला-रायगढ़


साइबर पुलिस थाना जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा



साइबर पुलिस थाना जिला-जांजगीर-चांपा



साइबर पुलिस थाना जिला-जशपुर

पिलखा भूमि रायपुर

28 जनवरी 2026 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से वर्चुअली जुड़कर विभिन्न जिलों में 8 नए साइबर थानों और 255 करोड़ रुपए की लागत से तैयार पुलिस आवासीय भवनों तथा थाना भवनों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों और पुलिस के जवानों को इस विशेष पहल के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर कहा कि आज का दिन पुलिस विभाग के लिए अत्यंत सौभाग्य का है, क्योंकि 255 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रेजेंटेशन के माध्यम से हमने देखा कि साइबर थाना, एसडीओपी कार्यालय, चौकी भवन, ट्रांजिट हॉस्टल एवं आवासीय भवन अत्यंत सुंदर और सुविधाजनक बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए संबंधित एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि इन सुविधाओं से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सकारात्मक वातावरण में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और वे अपने कर्तव्यों का और अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। साय ने कहा कि सरकार का सतत प्रयास है कि कर्मचारियों और अधिकारियों को बेहतर आवास एवं कार्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है और इससे सुदूर अंचलों तक भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सकेगा।

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अनेक स्थानों पर साइबर पुलिस थानों की शुरुआत की जा रही है। आज जशपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव जिलों सहित कुल 8 नए साइबर थानों का शुभारंभ किया गया है। इससे पूर्व प्रदेश के पांच जिलों में साइबर थाना संचालित हैं। भविष्य में आवश्यकता के अनुसार अन्य जिलों में भी साइबर थाने स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही चार जिलों में भारत वाहिनी के कैंपस, नौ जिलों में नए थाना भवन, माना में सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की चौकी तथा आवासीय भवनों का भी लोकार्पण किया गया। गृहमंत्री शर्मा ने 255 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हुए इन निर्माण कार्यों एवं 8 नए साइबर थानों की स्वीकृति और लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, गृह विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, पुलिस महानिदेशक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन पवन देव, एडीजी एसआरपी कल्लूरी, एडीजी प्रदीप गुप्ता, एडीजी विवेकानंद सिन्हा, एडीजी दीपांशु काबरा, एडीजी अमित कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही वनमंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक भईया लाल रजवाड़े, ललित चंद्राकर, विधायक रायमुनि भगत एवं जनप्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागी रहे।

उल्लेखनीय है कि आज मुख्यमंत्री ने बालोद जिले के 21वीं भारत रक्षित वाहिनी करकाभाट, पुलिस थाना भवन सनौद, महासमुंद जिले के 20वीं भारत रक्षित वाहिनी परसदा, धमतरी जिले के पुलिस चौकी भवन करेलीबड़ी, रायपुर जिले के सेन्ट्रल आर्म्स स्टोर, 4थीं वाहिनी माना, ट्रांजिट हॉस्टल, बस्तर जिले के 19वीं भारत रक्षित वाहिनी करनपुर, बीजापुर जिले के पुलिस थाना भवन तर्रेम, पुलिस थाना भवन नैमेड़, सुकमा जिले के पुलिस थाना भवन चिंतागुफा, पुलिस थाना भवन चिंतलनार, कांकेर जिले के 22वीं भारत रक्षित वाहिनी भीरावाही, नारायणपुर जिले के पुलिस थाना भवन भरण्डा, पुलिस थाना भवन बैनुर, ट्रांजिस्ट हॉस्टल नारायणपुर, दुर्ग जिले के पुलिस थाना भवन पद्मनाभपुर, पुलिस थाना भवन पुलगांव, 36 अराजपत्रित एवं 48 प्रधान आरक्षक आवासगृह, एस.डी.ओ.पी. कार्यालय भवन धमधा, बेमेतरा जिले के एस.डी.ओ.पी. कार्यालय भवन बेरला, राजनांदगांव जिले के एस.आई.बी. फिल्ड यूनिट, ट्रांजिट हॉस्टल, दुर्ग, सूरजपुर जिले के पुलिस चौकी कुदरगढ़, कोरिया जिले के 24 अराजपत्रित एवं 144 प्र.आर.ध्आरक्षक आवासगृह बैकुण्ठपुर एवं ट्रांजिट हॉस्टल बलरामपुर का लोकार्पण किया।

# दिल्ली में आयोजित मॉडल यूथ ग्राम सभा में कोसमगुड़ा एकलव्य विद्यालय के युवाओं को मिला प्रथम पुरस्कार



पिलखा भूमि रायपुर

29 जनवरी 2026 छत्तीसगढ़ राज्य के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि गरियाबंद जिले के जनपद पंचायत अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा की टीम ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मॉडल यूथ ग्राम सभा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के 800 से अधिक विद्यालयों की सहभागिता रही। एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजेता छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं की क्षमता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है।

**▶▶मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री शर्मा और मंत्री नेताम ने दी शुभकामनाएं**

**▶▶देश भर के 800 से अधिक स्कूलों के बीच छत्तीसगढ़ की टीम ने हासिल किया प्रथम स्थान**

राष्ट्रीय विजेता दल से आज उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने सौजन्य मुलाकात कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था में लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता है। विद्यार्थियों ने ग्राम सभा की कार्यप्रणाली, ग्रामीण समस्याओं की पहचान एवं उनके समाधान प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट समझ का परिचय दिया है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों द्वारा मॉक ग्राम सभा सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण विकास, निर्णय–प्रक्रिया तथा स्थानीय समस्याओं पर व्यावहारिक चर्चा की गई। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा की टीम ने इन विषयों पर गहन समझ और प्रभावी प्रस्तुति दी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विजेता दल को प्रशस्ति पत्र के साथ संस्थान के विकास हेतु एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई है।

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने भी इस उपलब्धि को जनजातीय अंचलों में शिक्षा के सशक्तिकरण का सकारात्मक परिणाम बताया। वहीं आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण की दिशा में प्रेरणादायक बताया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव सुश्री निहारिका बारिक तथा संचालक पंचायत विभाग सुश्री प्रियंका महोबिया ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव एवं सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

# दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजनारू सशक्त दाम्पत्य, आत्मनिर्भर जीवन और सम्मान की नई पहचान

पिलखा भूमि रायपुर

31 जनवरी 2026 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संवेदनशील एवं दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहा है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वास, आत्मनिर्भरता और मुख्यधारा में प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना आज जमीनी स्तर पर बदलाव की मजबूत मिसाल बन रही है। समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित यह योजना दिव्यांग दम्पत्तियों को विवाह के पश्चात् आर्थिक संबल प्रदान कर उनके दाम्पत्य जीवन को सुदृढ़ आधार दे रही है, साथ ही उन्हें आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दे रही है।



इस योजना के अंतर्गत जिला गरियाबंद के छुरा विकासखंड स्थित ग्राम कुटेना, पोस्ट पाण्डुका निवासी श्रीमती कुलेश्वरी निषाद एवं उनके पति श्री लकेश निषाद को लाभान्वित किया गया। कुलेश्वरी निषाद 45 प्रतिशत अस्थिबाधित तथा लकेश निषाद 40 प्रतिशत श्रवण बाधित हैं। योजना के प्रावधान अनुसार पति–पत्नी दोनों के दिव्यांग होने की स्थिति में उन्हें एक लाख रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस सहायता से दम्पत्ति ने अपने दाम्पत्य जीवन को सशक्त बनाया और आज वे किसी पर निर्भर नहीं होकर आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं।

गरियाबंद जिला के ही विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम भाठीगढ़ निवासी 30 वर्षीय श्रीमती विजेश्वरी कोमर्रा, जो 65 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं एवं तहसील छुरा के ग्राम अमलोर निवासी 35 वर्षीय केशर कोमर्रा पति–पत्नि है। दम्पत्ति को योजना के तहत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई। स्वीकृत राशि ने दम्पत्ति को उनके दाम्पत्य जीवन को सुदृढ़ आधार देने में मदद की है।

इसी प्रकार, जिला बलौदाबाजार भाटापारा के ग्राम मिरगी निवासी टिकेश्वर साहू को भी इस योजना का लाभ मिला है। अस्थिबाधित दिव्यांगता के बावजूद साहू ने शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से स्वयं को सक्षम बनाया। विवाह पश्चात् स्वरोजगार प्रारंभ करने के उद्देश्य से उन्होंने दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आवेदन किया, जिसके पश्चात् उन्हें 50 हजार रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से उनके संयुक्त खाते में प्रदाय की गई। प्राप्त सहायता से उन्होंने टेंट एवं साउंड सिस्टम का व्यवसाय प्रारंभ कर परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए आत्मसम्मान के साथ जीवनयापन शुरू किया।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 18 से 45 वर्ष की दिव्यांग महिला एवं 21 से 45 वर्ष के दिव्यांग पुरुष, जो आयकरदाता नहीं हों, को विवाह के पश्चात् आर्थिक सहायता दी जाती है। यदि दम्पत्ति में एक व्यक्ति दिव्यांग हो तो 50 हजार रुपये तथा दोनों दिव्यांग होने पर 1 लाख रुपये की एकमुश्त सहायता का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2025–26 तक इस योजना से 631 से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में सम्मान के साथ स्थापित करना है। वहीं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का कहना है कि यह योजना दिव्यांगजनों के जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और स्वाभिमान का मजबूत आधार तैयार कर रही है।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना छत्तीसगढ़ शासन की समावेशी, मानवीय और जनकल्याणकारी नीति का सशक्त उदाहरण है, जो दिव्यांग दम्पत्तियों के सपनों को नया आधार देकर उन्हें आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर कर रही है।

# पखांजूर में कांग्रेस का धरना, धान खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग मनरेगा से गांधी नाम हटाने के विरोध मे प्रदर्शन।

पिलखा भूमि . किशोर बाला

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के पखांजूर से कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियमकृमनरेगाकृसे महात्मा गांधी का नाम हटाने और धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पखांजूर ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन और सांकेतिक चक्काजाम किया।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पखांजूर के अध्यक्ष इंद्रजीत विश्वास ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया गया कि मनरेगा जैसे देश के सबसे बड़े कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाना उनकी विचारधारा और मूल्यों को कमजोर करने की कोशिश है।

कांग्रेस का कहना है कि यह केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है, जिसे पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

वहीं धान खरीदी को लेकर भी कांग्रेस ने सरकार को घेरा है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025द26 के लिए धान खरीदी की निर्धारित तिथि को कम से कम एक महीने के लिए आगे बढ़ाया जाए। कांग्रेस का तर्क है कि वर्तमान हालात में बड़ी संख्या में किसान अभी तक अपनी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाए हैं।

तकनीकी और विभागीय लापरवाही के चलते कई किसानों का धान टोकन पोर्टल में दर्ज नहीं हो पाया, जिससे वे सरकारी समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कहना है कि जब तक किसानों की सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक धान खरीदी की अवधि बढ़ाना न्यायोचित और जरूरी कदम है।

अब देखना होगा कि राज्यपाल के माध्यम से उठाई गई इन मांगों पर केंद्र सरकार और राज्य प्रशासन क्या रुख अपनाता है।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



पिलखा भूमि .लखनपुर

31 जनवरी 2023 पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने विकासखंड लखनपुर के ग्राम बिनकरा, बगदर्री एवं जमगला में आयोजित खेल प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया तथा खेलों के माध्यम से अनुशासन व टीम भावना की सीख पर जोर दिया। लखनपुर विकासखंड के इन ग्रामीण क्षेत्रों में चले भव्य खेल आयोजन में मंत्री अग्रवाल ने खिलाड़ियों से भेंट की तथा उनकी प्रतिभा की सराहना की। स्थानीय युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने माहौल को रोमांचक बना दिया। मंत्री ने विजेताओं को सम्मानित किया तथा सभी को निरंतर प्रयास की प्रेरणा दी।

मंत्री अग्रवाल ने कहा, कि खेल हमें अनुशासन, स्वस्थ जीवन शैली और टीम भावना के साथ कार्य करने की सीख देता है। उन्होंने ग्रामीण युवाओं को सक्रिय रहने तथा खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। उन्होने कहा कि मेरी शुभकामनाएं हमारी असीम ऊर्जा से परिपूर्ण युवा शक्ति के साथ है। उन्होंने राज्य सरकार की खेल नीतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों से प्रतिभाएं निखरेंगी। युवाओं से अपील की कि वे खेलों के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनें।

# केंद्रीय बजट 2026-27 समावेशी विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम - मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

पिलखा भूमि .रायपुर

01 फरवरी 2026 केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–27 का स्वागत करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इसे "समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने वाला जनहितैषी बजट" बताया है।




मंत्री राजवाड़े ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं उद्यमिता को समान रूप से प्राथमिकता देकर देश के सर्वांगीण विकास को नई गति प्रदान की गई है।

मंत्री राजवाड़े ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी घोषणाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास के निर्माण से छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध होगा, जिससे शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और अधिक सशक्त होगी। वहीं लखपति दीदी कार्यक्रम के विस्तार से महिलाओं को आजीविका से उद्यमिता की ओर अग्रसर होने का सशक्त अवसर मिलेगा।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्वयं सहायता समूहों, स्टार्टअप्स, कौशल प्रशिक्षण और नवाचार को बढ़ावा देने से महिलाओं के साथ–साथ युवाओं के लिए भी नए अवसर सृजित होंगे। यह बजट सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के बीच संतुलन स्थापित करता है।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के विजन को साकार करने वाला है। यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की ओर देश को तेजी से अग्रसर करेगा और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाएगा।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक - मनीष वैद्य
मो. नं - 9165046978.7583080630 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) समस्त समाचार के विवाद के लिए न्यायालय क्षेत्र सरगुजा मान्य होगा।